**पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02/2019, सो०–511**

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**

**(सामान्य प्रशासन विभाग)**

प्रेषक,

**डॉ० प्रतिमा,**
अपर मिशन निदेशक।

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,** सभी विभाग।
**पुलिस महानिदेशक,** बिहार, पटना।
**सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,** बिहार।
**सभी जिला पदाधिकारी,** बिहार।

पटना, दिनांक– 21/02/2022

विषयः– **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) अंतर्गत Data Capture Format (DCF) में त्रुटि सुधार एवं अद्यतन करने के सम्बंध में।**

प्रसंगः– मिशन कार्यालय का पत्रांक–904, दिनांक–29.05.2020 एवं पत्रांक–69, दिनांक–11.01.2021 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में कहना है कि राज्य के नियमित कर्मियों की सेवा पुस्तिका के अभिलेख का सितम्बर, 2019 तक का Data Capture Format (DCF) में की गयी प्रविष्टियों की जाँच के क्रम में अबतक जाँच किये गये लगभग सभी अभिलेखों में एक या अधिक टैब में त्रुटियाँ परिलक्षित हो रही हैं। यह पाया गया है कि (i) Joining details (ii) Pay Fixation details (iii) Transfer details (iv) Departmental examinations (v) Qualification details (vi) Training details (vii) Personal details आदि टैब में प्रविष्टि नहीं की गयी है या आंशिक प्रविष्टि है।

विदित हो कि HRMS के फेज–1 को Go-Live किये जाने हेतु डाटा की सही प्रविष्टि तथा उसका अद्यतन होना आवश्यक है। उपर्युक्त कारणों से प्रविष्टि किये गये डाटा की जाँच एवं त्रुटि निराकरण कराने में विलंब हो रहा है।

अतः त्रुटियों के निराकरण हेतु HRMS पोर्टल पर DCF तथा Scanned सेवा पुस्तिका को दो सप्ताह तक खोला जा रहा है। स्थानांतरित कर्मचारियों का उक्त अभिलेख वर्तमान पदस्थापन कार्यालय में प्रदर्शित होंगे। इस अवधि में त्रुटिपूर्ण/अधूरी प्रविष्टियों का सुधार कर अद्यतन कराने का दायित्व संबधित Approver का दायित्व होगा वह स्वयं संतुष्ट हो लेंगे कि Scanned प्रति के अनुसार DCF के सभी प्रविष्टियां शुद्ध एवं पूर्ण हैं। यदि भविष्य में पुनः त्रुटियां पायी जाती है, तो इसकी जवाबदेही निर्धारित की जायेगी।

अनुरोध है कि पोर्टल पर उपलब्ध सेवा पुस्त के Scanned प्रति से DCF में सितम्बर, 2019 तक के सेवा अभिलेख की प्रविष्टि का मिलान कर त्रुटियों का निराकरण निर्धारित अवधि में सुनिश्चित करने हेतु अपने सभी अधिनस्थ कार्यालय प्रधानों को निदेश देने की कृपा की जाय।

**कृपया इसे उचित प्राथमिकता दी जाय।**

विश्वासभाजन,

21/2/22

**(डॉ० प्रतिमा)**
अपर मिशन निदेशक।

E:\ROHIT BPSM\HRMS\BPSM-HRMS-02-2019.DOCX

ज्ञापांकः बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02/2019 सो० 511, दिनांक 21/02/2022

प्रतिलिपिः 1. प्रधान सचिव (व्यय), वित्त विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. एसोसियेट डायरेक्टर, M/s KPMG, Patna/ M/s IPE Global, Patna को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि राज्य कर्मियों के वर्तमान पदस्थापन कार्यालय में Scanned सेवा पुस्तिकाओं के साथ DCF संबंधित HRMS URL पर आज हीं उपलब्ध कराने का कष्ट किया जाय।

अपर मिशन निदेशक।

E:\ROHIT BPSM\HRMS\BPSM-HRMS-02-2019.DOCX